भारत सरकार
सहकारिता मंत्रालय

**राज्य सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या 486**
बुधवार, 7 फरवरी, 2024 (18 माघ,1945 (शक)) को उत्तरार्थ

**एनसीडीसी द्वारा संवितरित धनराशि**

486 # **श्री शम्भू शरण पटेल:**

क्या **सहकारिता मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) पिछले तीन वर्षों के दौरान एनसीडीसी द्वारा सहकारिता क्षेत्र को संवितरित धनराशि का राज्य-वार और गतिविधि-वार ब्यौरा क्या है; और
(ख) चालू वित्तीय वर्ष में सहकारिता के क्षेत्र में वित्त के प्रवाह को बनाए रखने के एनसीडीसी ने किस प्रकार से लक्ष्य निर्धारण किया है?

**उत्तर**

सहकारिता मंत्री
(श्री अमित शाह)

(क): राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम (एनसीडीसी), जो कि सहकारिता मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रण के अंतर्गत एक सांविधिक निगम है, देश भर में सहकारी समितियों को वित्तीय सहायता प्रदान करता है। पिछले तीन वर्षों के दौरान एनसीडीसी द्वारा संवितरित वित्तीय सहायता का राज्य-वार और गतिविधि-वार विवरण क्रमशः **अनुबंध- I तथा अनुबंध- II** में संलग्न है।

(ख): एनसीडीसी ने, भारत सरकार द्वारा विधिवत अनुमोदित, अपने गतिविधियों के कार्यक्रम के आधार पर लक्ष्य तय किए हैं । वर्तमान वित्त वर्ष (वित्त वर्ष 2023-24) के लिए संवितरण का लक्ष्य 50,000 करोड़ रुपये है। दिनांक 31.01.2024 तक, एनसीडीसी ने लक्ष्य को प्राप्त कर लिया है और देश भर में विभिन्न सहकारी समितियों को 56,196 करोड़ रुपये संवितरित किए हैं।

एनसीडीसी ने उन क्षेत्रों/राज्यों की पहचान की है जहां सहकारी क्षेत्र को वित्त पोषण की आवश्यकता है और तदनुसार अपने प्रभागों और क्षेत्रीय कार्यालयों को उप-लक्ष्य आवंटित किए हैं ताकि सहकारी समितियों तक आसान ऋण/वित्त की पहुंच सुनिश्चित की जा सके।

*****

**अनुबंध-I**

**पिछले तीन वर्षों के दौरान एनसीडीसी द्वारा संवितरित राज्य-वार वित्तीय सहायता**
**(करोड़ रुपये में)**

| क्र.सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | 2020-21 | 2021-22 | 2022-23 |
|---|---|---|---|---|
| 1 | आंध्र प्रदेश | 603.98 | 2831.59 | 9734.70 |
| 2 | अरुणाचल प्रदेश | 1.44 | 0.25 | 0.38 |
| 3 | असम | 5.59 | 3.57 | 17.48 |
| 4 | बिहार | 1633.60 | 2857.90 | 4053.75 |
| 5 | दिल्ली | 8.61 | 7.46 | 10.82 |
| 6 | गोवा | 0.19 | 0.00 | 0.00 |
| 7 | गुजरात | 52.25 | 37.40 | 370.80 |
| 8 | हरियाणा | 6645.11 | 12827.75 | 6655.24 |
| 9 | हिमाचल प्रदेश | 36.90 | 14.74 | 12.91 |
| 10 | जम्मू एवं कश्मीर | 0.00 | 0.13 | 0.57 |
| 11 | कर्नाटक | 170.69 | 164.49 | 112.54 |
| 12 | केरल | 303.54 | 371.85 | 704.74 |
| 13 | मध्य प्रदेश | 208.36 | 477.10 | 284.40 |
| 14 | महाराष्ट्र | 1145.59 | 688.07 | 751.16 |
| 15 | मणिपुर | 0.00 | 0.04 | 30.38 |
| 16 | मेघालय | 57.80 | 0.04 | 0.14 |
| 17 | मिजोरम | 2.16 | 1.06 | 4.23 |
| 18 | नागालैंड | 6.07 | 0.17 | 1.20 |
| 19 | ओडिशा | 0.80 | 4.06 | 1.61 |
| 20 | पंजाब | 22.77 | 0.13 | 0.42 |
| 21 | राजस्थान | 157.80 | 7.79 | 4.91 |
| 22 | सिक्किम | 0.00 | 0.00 | 0.14 |
| 23 | तमिलनाडु | 21.58 | 50.75 | 30.49 |
| 24 | त्रिपुरा | 3.20 | 3.00 | 12.35 |
| 25 | उत्तर प्रदेश | 827.95 | 252.33 | 350.24 |
| 26 | पश्चिम बंगाल | 59.13 | 44.16 | 63.36 |
| 27 | छत्तीसगढ़ | 12000.07 | 12400.87 | 8502.23 |
| 28 | झारखंड | 0.92 | 1.79 | 4.63 |
| 29 | उत्तराखंड | 17.22 | 80.36 | 10.50 |
| 30 | चंडीगढ़ | 0.00 | 0.03 | 0.03 |
| 31 | पुदुचेरी | 0.00 | 0.00 | 0.06 |
| 32 | तेलंगाना | 739.88 | 1092.20 | 9304.97 |
| **कुल** | | **24733.24** | **34221.08** | **41031.40** |

**अनुबंध- II**

**पिछले तीन वर्षों के दौरान एनसीडीसी द्वारा संवितरित गतिविधि-वार वित्तीय सहायता**
**(करोड़ रुपये में)**

| क्र.सं. | गतिविधि | 2020-21 | 2021-22 | 2022-23 |
|---|---|---|---|---|
| 1 | विपणन | 19576.38 | 26705.60 | 27984.74 |
| 2 | इनपुट | 29.41 | 74.05 | 46.96 |
| 3 | उपभोक्ता | 0.89 | 2.69 | 1.40 |
| 4 | चीनी | 1542.44 | 1316.71 | 694.25 |
| 5 | मत्स्यपालन | 119.18 | 168.76 | 298.93 |
| 6 | फल और सब्जियां | 0.14 | 0.05 | 0.00 |
| 7 | डेयरी एवं पशुधन | 168.50 | 569.16 | 264.70 |
| 8 | एकीकृत सहकारी विकास परियोजना | 152.61 | 283.06 | 177.87 |
| 9 | भंडारण | 7.29 | 7.72 | 4.84 |
| 10 | वस्त्र | 96.40 | 24.94 | 104.25 |
| 11 | हथकरघा | 0.90 | 102.46 | 28.57 |
| 12 | कॉइर | 0.00 | 30.00 | 0.00 |
| 13 | जूट | 0.00 | 0.00 | 8.76 |
| 14 | तिलहन | 1.65 | 0.00 | 0.68 |
| 15 | खाद्यान्न | 1.07 | 0.00 | 0.85 |
| 16 | वृक्षारोपण फसलें | 2.21 | 2.14 | 0.00 |
| 17 | सेवा सहकारी समितियाँ | 2996.23 | 4894.20 | 11322.30 |
| 18 | कंप्यूटरीकरण | 30.87 | 25.06 | 45.02 |
| 19 | जनसंपर्क | 0.51 | 0.94 | 0.64 |
| 20 | प्रशिक्षण | 3.97 | 5.51 | 5.50 |
| 21 | सी.एस.आर. | 0.00 | 0.01 | 0.01 |
| 22 | युवा सहकार | 0.27 | 0.00 | 0.10 |
| 23 | किसान उत्पादक संगठन (एफपीओ) | 2.32 | 8.04 | 38.25 |
| 24 | मत्स्य पालन एफपीओ (एफएफपीओ) | 0.00 | 0.00 | 2.78 |
| **कुल** | | **24733.24** | **34221.08** | **41031.40** |

*****